# मॉडल प्रश्न पत्र

## सत्र- 2023-24

## कक्षा-10

## विषय-हिन्दी (खण्ड-अ)

समय- 3 घण्टे 15 मिनट | पूर्णांक- 70

**निर्देश-**

(I) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

(II) प्रश्नपत्र दो खण्ड (अ) तथा खण्ड (ब) में विभाजित है।

(III) प्रश्नपत्र के खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिसमें सही विकल्प का चयन करके O.M.R. शीट पर नीले अथवा काले बाल प्वाइंट पेन से सही विकल्प वाले गोले को पूर्ण रूप से काला करें।

(IV) खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न हेतु प्रत्येक प्रश्न के लिए (01) अंक निर्धारित है।

(V) ओ॰एम॰आर॰ शीट पर उत्तर अंकित किये जाने के पश्चात उसे काटे नहीं तथा इरेजर(Eraser) एवं व्हाइटनर (Whitener) आदि का प्रयोग न करें।

(VI) प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख उनके निर्धारित अंक दिये गये हैं।

बहुविकल्पीय प्रश्न खण्ड-अ | पूर्णांक-20

प्रश्न-1 'आचार्य शुक्ल' किस युग के लेखक हैं- 01

A. भारतेन्दु युग B. द्विवेदी युग

C. शुक्ल युग D. शुक्लान्तर युग

प्रश्न-2 अजातशत्रु' किस विधा की रचना है- 01

A. निबन्ध B. कविता

C. नाटक D. कहानी

प्रश्न-3 'लहर' किसकी रचना है- 01

A. मुंशी प्रेमचन्द B. जयशंकर प्रसाद

C. निराला D. हरिकृष्ण प्रेमी

प्रश्न-4 'शुक्ल युग' की समयावधि है- 01

A. 1936-1943 तक B. 1919-1938 तक

C. 1900-1918 तक D. उपरोक्त में से कोई नहीं

प्रश्न-5 'नीड़ का निर्माण फिर' किस विधा की रचना है- 01

A. जीवनी B. आत्मकथा

C. साक्षात्कार/भेंटवार्ता D. रेखाचित्र

01

प्रश्न- 6 'भारत-भारती' किस विधा की रचना है?

A. द्विवेदी युग B. भारतेन्दु युग

C. प्रगतिवादी युग D. छायावादी युग

प्रश्न-7 ‘मधुशाला’ किसकी रचना है- 01

A. रामधारी सिंह दिनकर B. हरिऔध

C. हरिवंशराय बच्चन D. सुमित्रानन्दन पंत

प्रश्न-8 ‘भारत-भारती’ किसकी रचना है- 01

A. सियाराम शरण गुप्त B. मैथिलीशरण गुप्त

C. जयशंकर प्रसाद D. महादेवी वर्मा

प्रश्न-9 आधुनिक काल कब से कब तक है- 01

A. सन् 1843 से अब तकB. 1643 ई0 से 1843 तक

C. सन् 1918-1936 तक D. 1936 से 1943 तक

प्रश्न-10 ‘मतिराम’ किस युग के कवि है- 01

A. आधुनिक काल B. आदिकाल

C. भक्तिकाल D. रीतिकाल

प्रश्न-11 हास्य रस का स्थायी भाव है- 01

A. शोक B. रति

C. हास D. निर्वेद

प्रश्न-12 सोहत ओढ़े पीत पट श्याम सलोने गात। 01

मनो नील मणि शैल पर आतप पर्यो प्रकाश।

उपरोक्त पंक्तियों में कौन सा अलंकार है-

A. उपमा अलंकार B. उत्प्रेक्षा अलंकार

C. रूपक अलंकार D. शलेष अलंकार

प्रश्न-13 रोला छंद में कुल कितने चरण होते हैं- 01

A. तीन B. दो

C. चार D. पाँच

प्रश्न-14 ‘आकर्षण’ शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग किया गया है- 01

A. ‘वि’ B. मान

C. अक D. आ

प्रश्न-15 प्रत्यय के कितने भेद है- 01

A. दो B. पाँच

C. छः D. तीन

प्रश्न-16 ‘पीताम्बर’ में कौन सा समास है- 01

A. कर्मधारय B. द्वन्द्व

C. बहुव्रीहि D. तत्पुरुष

01

